Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to give jobs to sports persons under sports quota.

श्री गणेश सिंह (सतना) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान एक महत्त्वपूर्ण मामले की ओर दिलाना चाहता हूँ।

देश भर में बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वे खिलाड़ी, जो राज्यस्तर पर, अंतर-राज्यीय स्तर पर और देश के बाहर खेलते हैं, पहले उनको स्पोर्ट्स कोटे से नौकरी मिलती थी। वह धीरे-धीरे बंद हो गया। लेकिन प्राइवेट सेक्टर में बहुत-सी गुंजाइश आज भी बची हुई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि निजी सेक्टर में जो कारखानें हैं, वहाँ स्पोर्ट्स कोटे से अच्छे खिलाड़ियों को नौकरी दी जाए।

मैं अपने संसदीय क्षेत्र में 'सांसद ट्रॉफी' कराता हूँ। इसके माध्यम से विभिन्न खेलों के बहुत अच्छे-अच्छे खिलाड़ी राज्य और देश स्तर पर खेल चुके हैं। आज वे खिलाड़ी बेकार हैं और निराशा की कगार पर पहुंच चुके हैं। इसलिए उनको स्पोर्ट्स कोटे के तहत सर्विस दी जाए।

माननीय सभापति :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,

श्री शरद त्रिपाठी को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।